तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]



10 प्रमिला और नर्मदा परसदाकला में घर-घर पहुंचकर खिला रहीं दवा





11 सरपंच के नेतृत्व में 55 युवाओं ने ली भाजपा की...









## खबर संक्षेप

### नपं राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण आज

**राजिम।** राजिम मुख्यालय के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में आज 11 मार्च को सुबह 9 बजे विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव एवं सभी निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए सीएमओ राजिम ने शहरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।



### पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी ने गठित की पीआईसी

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू की अनुशंसा पर प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया। जिसमें 7 पार्षद को विभागों का आबंटन किया गया। सचिन सचदेव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, रवि साहू को जल कार्य विभाग, सहदेव कंसारी को स्वास्थ्य सफाई एवं चिकित्सा विभाग,केकती सोनवानी को खाद्य विभाग, पूजा कंसारी को शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्मला-धीरज साहू को राजस्व विभाग एवं जागेश्वर यादव को सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि नवापारा नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए ओमकुमारी-संजय साहू ने जीत दर्ज की है एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सोनी निर्वाचित हुए हैं।



### महुआ बीन रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** महुआ बीनने की बात को लेकर मारपीट की घटना में कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि देवप्रसाद पांडे पिता सुखचंद पांडे ग्राम पंडरीपानी महुआ बीनने के लिए गया हुआ था, इसी दौरान धनसिंग पांडे पिता सीताराम पांडे पेड़ के पास जाकर गाली गलौज कर महुआ बीनने से मना करने लगा।

## सफलता : गरियाबंद पुलिस ने सामने किया आत्मसमर्पण

# तीन हार्डकोर नक्सलियों ने किया समर्पण, 15 लाख के थे ईनामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला पुलिस के समक्ष तीन हार्डकोर नक्सलियों ने 10 मार्च को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर कुल 15 लाख रुपए का ईनाम था। आत्मसमर्पित नक्सलियों में दो महिला तथा एक पुरुष शामिल है। दिलीप उर्फ संतु ने आटोमेटिक हथियार सहित आत्मसमर्पण किया है। विदित हो कि हालिया जनवरी माह के तीसरे सप्ताह के दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत भालुडिग्गी जंगलो में माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच लगातार दो दिनों तक मुठभेड़ चली थी। इस मुठभेड़ में एक बड़े नक्सली लीडर सेंट्रल कोर कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपति सहित 15 नक्सलियों को मार गिराया गया था। चलपति पर एक करोड़ का ईनाम था।

- एक माओवादी आटोमेटिक हथियार के साथ पहुंची



### आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर डाला हथियार : एसपी

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा ने बताया कि राज्य सरकार की आत्म समर्पण नीति से प्रभावित होकर तीन हार्डकोर नक्सलियों ने गरियाबंद पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सोमवार को एडीजी विवेकानंद, आईजी अमरेश मिश्रा, सीआरपीएफ डीआईजी , 211 के सीईओ की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी गयी । उन्होंने बताया तीनों माओवादी दिलीप, मंजुला, सुनीता बड़े कैडर के नक्सली हैं, जो कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहें है। इनके विरुद्ध कुल 15 लाख का इनाम था।

### इन्होंने किया समर्पण

1. दिलीप उर्फ संतु ग्राम केसेकोडी , थाना कोयलीबेड़ा , जिला कांकेर उत्तर बस्तर क्षेत्र का रहने वाला है। पिछले कुछ वर्षों से गरियाबंद जिला अंतर्गत सक्रिय माओवादी संगठन एसडीके एरिया कमेटी में डिप्टी कमांडर रहा है। संतु पर 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित है।
2. गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय एसडीके, एरिया कमेटी एसीएम मंजुला उर्फ लखमी नामक महिला माओवादी ने भी आत्मसमर्पण किया है। इस पर भी 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। मंजुला ग्राम गोदीगुडेम, थाना गोलापल्ली जिला सुकमा की रहने वाली है। वह 2016 में माओवादी संगठन में शामिल हुई थी।
3. पांच लाख ईनामी एक अन्य माओवादी महिला सुनीता उर्फ जुनकी ग्राम पोटेन थाना जांगला जिला बीजापुर की रहने वाली है, जिसे 2010 में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के एसीएम रैमोती द्वारा माओवादी संगठन में शामिल कराया गया। वर्षों तक ओडिशा की बरगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय रही। उसे बरगढ़ से दिसम्बर 2024 में गरियाबंद जिले के भालुडिग्गी जंगलों में लाया गया, जहां पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान भागने में सफल रही थी।

# शपथ ग्रहण के बाद बनवाई बोरिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेंडरी के नवनिर्वाचित सरपंच तुलेश्वरी साहू ने शपथ लेने के बाद अपना विकास कार्य शुरू कर दिया है बता दे की कुछ दिन पहले त्रिस्तरीय चुनाव संपन्न हुआ जिसमें तुलेश्वरी साहू को बोरिंग छाप चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ था, जिस पर जनता का विश्वास और आशीर्वाद भरपूर मिला और 30 वर्ष के अधिक समय के बाद आश्रित ग्राम पंडरीतराई गांव को सरपंच तुलेश्वरी मिला जिससे गांव के लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं जैसे ही शपथ समारोह हुआ और सरपंच पद की जिम्मेदारी को निर्वहन करते हुए सर्वप्रथम गांव में बंद पड़े बोरिंग को बनवाया और विकास कार्य शुरुआत करने बिगुल बजा दिया है ग्राम पंचायत के सभी मतदाताओं को तुलेश्वरी साहू से काफी उम्मीद है कि गांव के विकास कार्य हेतु उसका सक्रिय रवैया गांव को एक मजबूत स्थिति और विकास की ओर आगे ले जाएगा जो देखने को स्वच्छता से लेकर हर एक कार्य रोजाना करने का रूट बना लिया है आने वाले समय ग्राम पंचायत भेंडरी व आश्रित ▶▶ शेष पेज 10 पर

- हैंडपंप बनवाकर विकास कार्य की शुरुआत की

# सीआरपीएफ के जवानों ने 375 ग्रामीणों को दी घरेलू सामाग्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 16 किमी दूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र थानांतर्गत छिंदौला कैंप फरसरा, दबनई, लुठापारा, लेडीबहर, धोबीपारा, छिन्दौला, खोलापारा, सिहार रामपारा और जरंडीह गांवो मे आज सोमवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ई-65 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया इस दौरान ग्रामीणो को बांटी गई दैनिक उपयोग की सामग्री तथा निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया और जाँच कर दवाईयाँ दी गई जिले के उक्त नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे विजय शंकर पाण्डेय पुलिस उप महा निरीक्षक रेंज रायपुर (छग) के मार्ग दर्शन में राधे श्याम सिंह कमाण्डेन्ट 65 बटालियन के दिशा निर्देशानुसार नेतृत्व में 65 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ 65वीं बटालियन के द्वारा छिंदौला गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। साथ ही 65 वी वाहिनी अस्पताल और जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गरियाबंद द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें फरसारा, दबनई लुठापारा लेडीबहर, धोबीपारा, छिन्दौला, खोलापारा, सिहार, रामपारा और जरंडीह ग्राम के लगभग 375 से भी अधिक ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए तथा भारी संख्या में महिलायें बच्चे एवं ब ▶▶ शेष पेज 10 पर

- नि :शुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का भी आयोजन






# होली के लिए नवापारा में सजीं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

रंगों के त्यौहार होली को अभी 3 दिन शेष हैं। शहर के गंजरोड पर एक से बढ़कर एक रंग, गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। काली मंदिर के सामने एवं पंजवानी चौक पर रंग, गुलाल के स्टाल लगाए गए हैं। दुकानों में इस वर्ष पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से केवल हर्बल गुलाल बिकने को उपलब्ध है। लाल, पीले, नीले, हरा, बैगनी जैसे सात रंगों में गुलाल 50 ग्राम, 100 ग्राम, 250 ग्राम, 1 किलो एवं 5 किलो के पैकेट एवं डिब्बे में गुलाल उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की आकर्षक पिचकारी उपलब्ध है। पारंपरिक कृष्णा पिचकारी के अतिरिक्त पुष्पा पिचकारी, हथौड़ा पिचकारी, हंटर मेन पिचकारी, बंदूक पिचकारी, बच्चों को ▶▶ शेष पेज 10 पर




## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


### नगर का समुचित विकास होगा : विधायक रोहित

**छुरा।** नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण नगर के सांस्कृतिक भवन में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ,पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला प्रभारी पाटनी, मंडल प्रभारी योगेश शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष मीराठाकुर ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ ,कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत की सीएमओ लाल सिंह मरकाम ,और शपथ ग्रहण अनुविभागीय अधिकारी आर एस सोरी ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने नगर के जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है ▶▶ शेष पेज 10 पर

- नपं अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली गोपनीयता की शपथ

**खबर संक्षेप**

## रसेला में उपसरपंच परमेश्वर की हैट्रिक



**रसेला।** क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में 8 मार्च को उपसरपंच चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत रसेला में परमेश्वर यादव उपसरपंच पद पर जीत दर्ज कर हैट्रिक लगा दी। ग्राम पंचायत रसेला में कुल 16 वार्ड पंचों और सरपंच सहित 17 लोगों ने मतदान किया। जिसमें परमेश्वर यादव को 11 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 6 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार परमेश्वर यादव की एकतरफा जीत हुई। चुनाव परिणाम घोषित होते ही ग्रामवासियों ने बधाइयां दी और उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य होने की उम्मीद जताई। जीत के बाद परमेश्वर यादव ने अपने समर्थकों और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा गांव के विकास और जनसेवा के लिए समर्पित रहेंगे। सरपंच और सभी पंचों की अगुवाई में पंचायत में पारदर्शिता और जनहित के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा, ग्रामीणों की उम्मीद है कि सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपनी पूरी निष्ठा से काम करेंगे और पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों व इष्ट मित्र, ने परमेश्वर यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

# दुलना के विकास में धन की कमी नहीं होगी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत दुलना में रविवार को नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचगणों का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू पहुंचे। अध्यक्षता चंद्रिका बंजारे अध्यक्ष जनपद पं अभनपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेलूराम साहू उपाध्यक्ष जनपद पं, वर्षा मिश्रा जनपद सदस्य,ओमकुमारी-संजय साहू अध्यक्ष नगर पालिका नवापारा, दौवाराम साहू अध्यक्ष पटेवा सोसायटी मौजूद थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत माता का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर ग्राम विकास के लिए मांग पत्र सरपंच नन्दकुमार साहू ने प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार सरपंच नंदकुमार साहू,उपसरपंच देवाशीष साहू,पंचगण एवं जन कल्याण ग्राम विकास समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि ग्राम दुलना के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं होगी। मेरे 13 माह के कार्यकाल में इस पंचायत को अनेक विकास कार्य स्वीकृत किया। हमारे गांव हमारी योजना के तहत ग्राम सभा के माध्यम से कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील किया कि ग्राम सभा की बैठकों में शामिल होकर कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें उसे अवश्य पूरा करने का प्रयास करूंगा। कहा कि केंद्र के मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव साय सरकार सभी ग्राम वासियों के लिए आवास योजना,भूमिहीन मजदूर के लिए 10000 योजना,बालिका समृद्धि योजना,महतारी वंदन सहित कई योजनाएं भाजपा सरकार संचालित कर रही है। इसका फायदा आप सभी को लेना है। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत की ओर जा रहे हैं,जब हम 2047 में 100 वां वर्ष मनाएंगे तब विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जनपद अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे ने कहा कि आप सभी ग्रामवासी आपसी भेदभाव को भूलकर एकजुट होकर ग्राम के विकास के लिए कार्य करें तभी ग्राम का विकास संभव है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू,जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,चंद्रिका साहू,दौवा राम साहू,योगिता सिन्हा ने संबोधित किया। संचालन मनोज सेन ने किया।



**नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का हुआ शपथ ग्रहण**

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गंगवाल,चंद्रिका साहू,राघवेंद्र साहू,किशोर साहू,मुकेश ढीढी, छन्नु साहू,प्रेमलाल साहू,सचिन सचदेव,मुकुंद मेश्राम,दुकालू चक्रधारी,संतोष मिश्रा, हेमंत साहू ,भारती निषाद,मोहिनी बाई साहू,फतेहलाल निषाद,मनहरण साहू, अशोक साहू,निलेश्वरी,माधुरी बाई, टेक चंद,मैना बाई,हीरालाल निषाद, दोपेश्वर साहू,सुरेश साहू,भुनेश्वर यादव,लोमेश्वरी, रुकमणी, योगेश्वरी, अनीता बाई, कुसुम, डिगेश्वरी बाई, तोशन साहू, गुलशन साहू,मनेद्र सेन के अलावा जनकल्याण ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

# प्रमिला और नर्मदा परसदाकला में घर-घर पहुंचकर खिला रहीं दवा



**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन 13 मार्च तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 27 से 2 मार्च तक बूथ लगाकर दवा सेवन आंगनवाड़ी स्कूल एवं शैक्षिक संस्थानों में दवा सेवन किया गया। इसी सिलसिले में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसदाकला प्रमिला निषाद, नर्मदा साहू मितानिन द्वारा घर घर पहुंच कर अपने सामने खिला कर अपने कर्तव्य निष्ठ से फाइलेरिया दवा सेवन कराया जा रहा है।

प्रमिला निषाद परसदाकला ने कहा कि यह फाइलेरिया की डीईसी दवा 2 साल से कम बच्चों को और गर्भवती माता को नहीं खिलाना है। 2 साल से कम बच्चों को अल्बेनडाजोल की आधी गोली खिलाना है। उन्हें समझाया जा रहा है कि फाइलेरिया हाथी पांव बीमारी मच्छर के काटने से होता है। मच्छर पनपते कैसे है और बीमारियां फैलाती कैसे है। पुराने बर्तन के, पुराने टायर, गमले , कूलर में बहुत दिनों तक पानी भरा हुआ रखना, गड्ढे, पोखर, बोरिंग के पास या नल के पास पानी का जमा हुआ रहना मच्छर अक्सर ऐसे ही स्थिर पानी की खोज में रहते है। मच्छर के प्रजनन के लिए जमा हुआ पानी या हल्का मंद गति से बहता हुआ पानी ही पसंदीदा जगह होता है। रुका हुआ पानी की सतह में पानी साफ होता है। मादा मच्छर 6 सप्ताह तक जीवित रहती है। मादा मच्छर के काटने के दौरान ही परजीवी को मानव शरीर में छोड़ता है और एक सामान्य मनुष्य को संक्रमित करता है। धर्मिन साहू लक्ष्मी देवांगन जानकी देवांगन फाइलेरिया दवाई हमने सेवन की। सबको यह दवाई खानी चाहिए जिससे इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है।

# जिपं गरियाबंद में शपथ ग्रहण समारोह नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**गरियाबंद।** जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 10 मार्च को जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ की मौजूदगी में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में गौरी शंकर कश्यप और उपाध्यक्ष पद पर लालिमा ठाकुर ने पदभार ग्रहण किया। इनके साथ ही जिला पंचायत के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों ने भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए, जबकि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और भाजपा जिलाध्यक्ष



अनिल चंद्राकर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। शपथ ग्रहण के उपरांत अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने पंचायत प्रांगण में पौधरोपण कर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप और उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने जिले के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचित सदस्य संजय नेताम लोकेश्वरी नेताम इंद्रजीत माहडिक नंदनी साहू नेहा सिंघल शिवांगी चतुर्वेदी लेखराज ध्रुवा नंदनी कोमल ढीढी देशबंधु नायक ने शपथ ग्रहण किया। इस शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही गरियाबंद जिला पंचायत के नए नेतृत्व ने अपने कार्यकाल की शुरुआत कर दी है, जिससे जिले के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

**पेज 9 के शेष...**

### सीआरपीएफ के जवानों...

बुजुर्गों ने बढ़–चढ कर हिस्सा लिया उनके लिए रिफ्रेशमेंट की वेवस्था की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणो को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया साथ ही बटालियन के उच्च चिकित्सा अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा जिला गरियाबंद के टीम द्वारा बीमार जरूरतमंद ग्रामीणो की चिकित्सा जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाई उपलब्ध करायी गयी। लोगो के चेहरे पर मुस्कान के साथ संतोष और सीआरपीएफ के प्रति आभार प्रतिलक्षित हो रही थी। साथ ही शहरी क्षेत्र से दुर रहने वाले ग्रामीणो के चेहरे पर परिवर्तन की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी।

इस अवसर पर विजय शंकर पाण्डेय पुलिस उप महा निरीक्षक रेंज रायपुर (छग) इनके मार्ग दर्शन में एवं राधे श्याम सिंह कमाण्डेन्ट 65 बटालियन द्वारा वाहिनी की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए आस–पास के ग्रामीणो को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिसध्प्रशासन से आपसी तालमेल के साथ ग्रामीणो को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके अतिरिक्त बताया की वाहिनी के जवानों द्वारा समय समय पर इस प्रकार आयोजन किये जाते रहे हैं जो एक ओर ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक है वहीं दूसरी ओर नक्सलीयों द्वारा की जा रही गतिविधियों को उजागर करने में भी कारगर सिद्ध हो रहा है जो वाहिनी द्वारा भविष्य में भी हम नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों के विकास के लिए हमेंशा सहयोग करते रहेंगे। कमांडेंट द्वारा हर संभव मदद हेतु प्रतिबद्धता जताई। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम एवं निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए हमारे साथ विजय शंकर पाण्डेय पुलिस उप महा निरीक्षक रेंज रायपुर, राधे श्याम सिंह कमांडेंट 65 बटालियन, विजय प्रताप कमांडेंट 211 बटालियन नेतृत्व में उच्च चिकित्सा अधिकारी अनुभव गौड़, दीपक कुमार व अंजिक्य एम बुराडे, निकिता ध्रुव जिला आयुर्वेद अधिकारी, बाजीलाल सिंह पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर दबनई सरपंच एवं पंच के साथ ई –65 वी वाहिनी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### होली के लिए...

आकर्षित कर रहा है। कीमत 20 रुपए से 500 रुपए तक है। वहीं, घुड़सवारी टोपी, जुट टोपी, पुट्ठा टोपी, मलिंगा टोपी, क्रेजी टोपी, सलमान बाल 20 रूपए से 300 रुपए में मिल रहा है। स्टॉल में झाड़ गुब्बारे एवं लॉकिंग गुब्बारा भी बेचे जा रहे हैं। बच्चों को रंग पिचकारी स्टॉल लगने का बेसब्री से इंतजार था। छोटे बच्चे अपने पालकों को जिद करके रंग गुलाल के दुकानों में पिचकारी खरीदने पहुंचने लगे है। 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली खेली जाएगी।

### नगर का समुचित...

कि भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष के रूप में लुकेश्वरी निषाद को चुनाव जिताया, उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर के विकास में प्रदेश सरकार के द्वारा किसी प्रकार की कमी नहीं होगी और नगर के द्वारा जो भी मांग किया जाएगा उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री के माध्यम से पूरा करने का निश्चित प्रयास किया जाएगा, उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, भाजपा के पार्षद भोले शंकर जायसवाल, रजनी लहरे, चित्रलेखा ध्रुव,संगीता दिक्सित, गरिमा धुव,बलराज पटेल ने शपथ लिया,इस अवसर पर राजू साहू ,मनीष हरित,जिला महामंत्री थान सिंग निषाद, भाजपा नेता मानसिंह निषाद सहित सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

**// आम सूचना //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री सतीश पारख पिता स्व.श्री शांति लाल पारख जाति-जैन निवासी वार्ड क्र-08, महामाया मंदिर के सामने राजिम, तहसील राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के नाम व कब्जे का मकान व आबादी भूमि ख.नं.-42/1, भूखण्ड क्र.-42/1/484 रकबा 406/32 वर्ग मीटर जो वार्ड क्र.-08 महामाया मंदिर के सामने राजिम प.ह.नं.-25, तहसील- राजिम, जिला-गरियाबंद छ.ग. में स्थित है, को मेरा पक्षकार जितेन्द्र कुमार पेंदरिया पिता कपिल कुमार पेंदरिया निवासी वार्ड क्र.-08, महामाया पारा राजिम तहसील-राजिम जिला-गरियाबंद छ.ग. ने क्रय कर अग्रिम राशि प्रदान कर विक्रय इकरारनामा निष्पादित करा लिया है। जिसका विक्रय पंजीयन किया जाना शेष है, उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, या निकाय का कोई स्वत्व व हक उद्भूत होता हो तो वे 10 दिनों के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा पंजीयन होने के पश्चात किसी भी प्रकार दावा आपत्ति पर कानूनी रूप से विचार नहीं किया जावेंगा, व वह अवैध माना जावेंगा।

स्थानः- राजिम
दिनांकः 10.03.2025

भवदीय
आशीष राव शिंदे
नोटरी/अधिवक्ता
पता - वार्ड क्र.-03 पटेल पारा, नगर पंचायत राजिम जिला- गरियाबंद (छ.ग.)
मो.नं.-8889625002




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# परसदाजोशी के ज्ञानेश शर्मा बने उपसरपंच



**राजिम।** राजिम के परसदाजोशी गांव में ज्ञानेश शर्मा उपसरपंच बने। श्री शर्मा के उपसरपंच बनने पर उनके समर्थको एवं ग्रामवासियो ने जमकर जश्न मनाया। उनका स्वागत फुल माला पहनाकर गुलाल लगाकर किया। जानकारी के मुताबिक बहुत ही स्पष्टवादी सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी ज्ञानेश शर्मा को 13 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी योगेश यादव को 7 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध घोषित किया गया। 20 पंचो एवं सरपंच ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें आधे से ज्यादा लोग ज्ञानेश को वोट दिए। इसे एकतरफा जीत ही कहा जा सकता है। श्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास और जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। सड़क निर्माण,शिक्षा और स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे। कहा कि पंचायत में जो भी काम होगा वह पूरी तरह से ग्रामीणो के जरूरत और सलाह लेकर किए जाएंगे। सारा काम पारदर्शी होगा। परसदाजोशी के नाम को ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे। उनकी जीत पर सरपंच गिन्नी सोनी एवं सभी पंचो ने उन्हें बधाई दी।

# छुरा नगर पंचायत के शमीम खान बने अध्यक्ष

**छुरा।** नगर पंचायत में नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण और उपाध्यक्ष चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी अब्दुल शमीम खान उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए उन्होंने भाजपा प्रत्याशी से दो वोट से विजयी हुए। उनके विजयी होते ही पूरे नगर में आतिशबाजी हुई और लोगों ने बधाई दिया । जिसमें प्रमुख रूप से नथमल शर्मा, बालमुकुंद मिश्रा, यशपेन्द्र शाह,महेश्वरी शाह, समद खान, रमेश शर्मा, इस्माइल मेमन, चमन साहू, अवधेश प्रधान, भानु वर्मा पाषर्दगण हरीश यादव सलीम मेमन देव सिंह ने नेम पंचराम टंडन दीप्ति यादव राम जी दीवान शांतनु देवांगन यामीन खान राजू यादव शरीफ मोहम्मद अफजल खान संदीप सोनी सुनील चंद्राकर सोनू दीक्षित माखू दीक्षित और बहुत से कांग्रेस कार्यकर्ता हैं ।

**विजयी होते ही पूरे नगर में हुई आतिशबाजी और लोगों ने दी बधाई**



# सरपंच के नेतृत्व में 55 युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**नवापारा-राजिम।** रविवार को ग्राम पंचायत दुलना में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचगणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान केंद्र के मोदी सरकार की गारंटी एवं विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन एवं भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम के 55 युवाओं ने सरपंच नंदकुमार साहू, उपसरपंच देवाशीष साहू के नेतृत्व में विधायक इंद्रकुमार साहू की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। प्रवेश करने वालो में प्रमुख रूप से विजय साहू, जितेंद्र निषाद, राजू निर्मलकर, भूषण साहू, पुनीत साहू, भुनेश्वर, किशन, धनेश्वर, डोमार, पुखराज, मुकेश, लोकेश, संतराम, मनहरण, समय लाल आदि थे। विधायक इंद्रकुमार साहू ने इन सभी युवाओं का सम्मान भगवा दुपट्टा ओढ़ाकर किया।







संकलनकर्ता : उरेन्द्र, संवाददाता, कोपरा प्रस्तुति : गोरेलाल सिन्हा, ब्यूरोप्रमुख जिला गरियाबंद, मो. 9993223300

## खबर संक्षेप



### ग्राम तर्री के विवेक शर्मा बने उपसरपंच

**नवापारा-राजिम।** ग्राम तर्री में उपसरपंच के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विवेक शर्मा चुने गए। श्री शर्मा के उपसरपंच चुने जाने पर गांव में खुशी का माहोल है। उन्हें सरपंच लता-लखनलाल सिन्हा ने बधाई दी है। उपसरपंच बनते ही ग्रामीणो ने उनका गुलाल लगाकर फुल माला पहनाकर स्वागत किया। कहा कि तर्री गांव के विकास में सरपंच के साथ मिलकर एवं सभी पंचो से राय मशविरा लेकर ग्रामीणो के सुझाव पर विकास का काम करेंगे। पूरे ग्रामवासियो के ईच्छा के अनुरूप जो काम बताया जाएगा उसे पूरा किया जाएगा और समस्याओं का निदान किया जाएगा।

### होली पर्व पर 14 को शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा 14 मार्च होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके फलस्वरूप जिले की समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें तथा देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट अहाता इस दिन पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उक्त शुष्क दिवस में जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया है कि शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और जब्त करने की कार्रवाई की जाए।

### कांग्रेस की नगर में आभार रैली आज

**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर में आभार रैली 11 मार्च,मंगलवार को कार्यक्रम रखा गया है, दोपहर 3 बजे राजमहल परिसर में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हरीश यादव ने समस्त कार्यकर्ताओं व नगरवासियों से अपील की है।

### तौरेंगा वन परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही आगजनी की घटना

**मैनपुर।** तौरेंगा वन परिक्षेत्र के जंगल में इन दिनो आगजनी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है जिससे वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार जंगल में आग को बुझाने दिन रात लगे हुए है। ज्ञात हो कि हर वर्श महुआ का सीजन प्रारंभ होते ही जंगल मे आग लगने की घटना आम हो जाती है इन दिनों उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया तौरेंगा वन परिक्षेत्र में जगह –जगह आग लग रही है जिससे छोटे – छोटे पेड़ पौधे जहां नष्ट हो रहे है वही वन्यप्राणी भी व्याकुल हो रहे है और गांवो की तरफ आने लगे है गर्मी शुरू होते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है ग्रामीण क्षेत्रे में गर्मी से पारा 31 डिग्री तक पहुंच गई है ऐसे में जंगल में आग लगने की घटना बढ़ती जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा राकेश सिंह परिहार ने बताया ओड़िशा सीमा से लगे जंगल में जगह –जगह आग लग रही है ।

## बैठक : ईमानदारी से जनता की सेवा करते हुए पूरे 5 साल दायित्वों का करें निर्वहन करें : रोहित

# फिंगेश्वर जनपद क्षेत्र के हरिश बने सरपंच संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/राजिम

स्थानीय विश्रामगृह में जनपद पंचायत के 71 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक 10 मार्च को हुई। बैठक में सरपंच संघ का चुनाव संपन्न। भाजपा के हरिश साहू को मतदान कर सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित सरपंचों का विधायक रोहित साहू ने बधाई देते हुए सरपंची चलाने का महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

विश्रामगृह में दोपहर 12 बजे विकासखंड के ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच नगर पहुंचे। बैठक में सरपंच संघ के चुनाव को लेकर चर्चा प्रारंभ हुई। सरपंच चुनाव को लेकर 3 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें 49 वोट के रूप मे हरिश साहू का सर्वाधिक मत मिले और उनको फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ का अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके बाद संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें महिलाओं मे उपाध्यक्ष राधिका मनोज कौंदकेरा, अमित मनोज यदु सरकड़ा,पुरुषों में सुकदेव साहू बारूला,दुलीचंद आड़े चौबेबांधा को बनाया गया। सचिव पद पर तामेश्वर पटेल सोनेसिल्ली,सहसचिव सती अनुसुईया बोरसी,कोषाध्यक्ष डिगेश्वर साहू सिंघौरी, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र वर्मा सिर्रीखुर्द,होमेश्वरी थानेश्वर साहू धुरसा,संरक्षक रूपेश कुमार साहू रोहिणा, विद्या गजेंश्वर सिन्हा छुईहा,सलाहकार कोमल नेताम सिर्रीकला,डा.सियाराम साहू, पोखरा, गजांनद साहू चरोदा,चुम्मन सिन्हा भेंड्री जामगांव,पदमा मोतीराम निशाद बिजली,तुलेश्वरी साहू,पंडताराई,माधुरी हलधर साहू रावड़,त्रिवेणी गजेन्द्र साहू पाली,गोदावरी सहदेव बंजारे पितईबंद को बनाया गया। इस अवसर पर राजू साहू,मनीष हरित,किशोर साहू,पुराणिक साहू सहित बड़ी संख्या मे सरपंच,सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अपने कार्यकाल को जनता के बीच बिताएं : विधायक



कार्यक्रम के द्वितीय सोपान मे राजिम विधायक रोहित साहू विश्रामगृह पहुंचे। उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू भी थे।जहां पर विधायक रोहित साहू एवं चंद्रशेखर का सरपंचों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि विकासखंड में सरपंच संघ का चुनाव हुआ है। आप सभी ने मिलकर हरिश साहू को संघ का अध्यक्ष बनाया। सरपंच बनने के लिए जो उत्तरदाई मिला है उसे पूरे ईमानदारी से निभाना होगा। सरपंच पद के लिए जीत जाना और सरपंच पद के लिए 5 साल तक काम करने के लिए क्या क्या करना है इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है। 5 साल के अंदर कोई भी ऐसा काम मत करना जिससे जनता के विश्वास मे कमी आये। सरपंच पद लाभ का पद है वहीं पर जनता का विश्वास का पद है। अपने कार्यकाल को जनता के बीच ही बिताना होगा।विकास कार्यों को लेकर उनके बीच जाना होगा। गांव मे समस्याओं का समाधान करना है। कोई भी ऐसा काम मत करना जिससे जनता में नाराजगी हो। वह काम है वाहन खरीदना, जमीन खरीदना,सोना चांदी लेना बहुत सी बातें है। जनता की सेवा करते हुए अपने दायित्व का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। वादा करता हूं कि आप लोगों के गांवो में विकास की कोई कमी नहीं होगी। शासन के द्वारा विकास कार्य जो भी कराया जाएगा, आप लोगों तक निश्चित ही पहुंचेगा।

# हेल्पिंग यंग वूमेंस ग्रुप ने 8 महिलाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हेल्पिंग यंग वूमेंस ग्रुप ने ऐसी 8 महिलाओं का सम्मान किया जो समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने के अलावा सिर्फ बेटियो को जन्म दी है। थीम था गर्व है मै बेटी की मां हूं। सम्मानित होने वाले इन 8 महिलाओं में डॉ प्रज्ञा बिलोने, रूपाली-हिमांशु दुबे, प्रीति-पीयुष शर्मा, क्षमा शर्मा, निम्मी-रिकेश साहू, तारणी शर्मा, कुमुद-सौरभ शर्मा, प्रियंका शर्मा शामिल थी। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अंजू पारख ,केशर लता मिश्रा ,रानुप्रिया ,रजनी बेन, योषिता गोस्वामी, सोनल महाड़िक का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रीति कुरा, सोमी चावला, स्वर्णजीत कौर, मधु नत्थानी, मधु खुराना, सुमन जगवानी, खुशी सुंदरानी, वंदना, कीर्तिका, रुचि रश्मि तिवारी, नेहा, रूखमणी, दीपिका, कविता, पलक सुंदरानी, प्रीति हुंदल, सौम्या रेणु सेवानी, प्रियंका, ममता शामिल रहे, मोना नागवानी का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम का संचालन दीप्ति मिश्रा गंडेचा द्वारा किया गया। आभार नीरजा पांडे ने की। ग्रुप के वरिष्ठ दीप्ति मिश्रा ने बताया कि समय-समय पर हेल्पिंग यंग वूमेंस ग्रुप द्वारा बच्चो और गरीबो के लिए भी काम करती है। ठंड में कंबल बांटना और बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए आगे आती है।

# रूपनाथ बंजारे बने उप सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत हरदी में सरपंच चुनाव के परिणाम आने के बाद उप सरपंच का चुनाव भी बहुत गहमागहमी कांटे की टक्कर दोनों ही खेमों में रहा और अंततः हरदी से दो प्रत्याशी उम्मीदवार उपसरपंच के लिए चुनावी मैदान में उतरे एक रुपनाथ बंजारे और दूसरा लता कंवर रहे। हरदी पंचायत में कुल वार्ड 14 हैं,सरपंच मत को छोड़कर जिसमें रुपनाथ को कुल 9 मत मिले और प्रतिद्वंदी को 6 मत मिले और पीठासीन अधिकारी ने बंजारे को बहुमत हासिल होने पर जीत की घोषणा कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बंजारे की जीत होने के बाद सभी चहेते समर्थकों ने फटाखे की आतिश बाजी कर खुशी मनाई और सभी एक दूसरे को प्रणाम करते आशीर्वाद लेकर गले मिलते रहे,एवं मिठाई खिला कर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। रुपनाथ बंजारे ने खुशी के मौके पर कहा पड़े लिखे नौजवान को अब पंचायत में क़दम रखने की जरूरत है तभी पंचायत की विकास की गति में चार चांद लगेगा आखिर पढ़े लिखे लोग ज्यादातर राजनीति में क्यूं रुचि नहीं लेते, जब तक आप शिक्षित होने के बाद भी पंचायत के उत्थान विकसित के लिए क़दम से क़दम नहीं मिलाएंगे तब तक देश आगे विकसित कैसे होगा।



### जीत के बाद समर्थकों ने की आतिशबाजी

### ये रहे उपस्थित

इस खुशी के अवसर में समस्त पंच जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारी कर्मचारीगण, ग्रामवासी लखन तिवारी वरिष्ठ नागरिक, मंथीर ध्रुव, खुदू राम साहू पूर्व उपसरपंच हरदी,सेवन ध्रुव, चमन लाल यादव आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष गरियाबंद, तारकेश्वर साहू,लोकेश्वर यादव, रूपेश यादव, डीगेश्वर साहू ठेकेदार, दीनू साहू, टयल यादव, संतोष यादव, तिलक साहू, गणपत, बलदेव साहू, अमर सिंह तारक, विजय तिवारी, प्रताप साहू, प्रकाश यादव, कमल ध्रुव, अवध साहू, मेष तारक, देवराज, कन्हैया, मानिक, नरोत्तम यादव, भूपेंद्र, टिकेश्वर, तेजराम ध्रुव, केदार यादव हीरालाल बंजारे, छन्नू निषाद एवं समस्त गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित सरपंच सूरज के साथ पंचों ने ली शपथ, उपसरपंच बने छन्नू कंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत पतोरा में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित सरपंच सुरज भारतीय के साथ पंचायत के पंचों ने भी विधिवत शपथ ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने गांव के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।शपथ ग्रहण करने वालों में सरपंच सूरज कुमार भारती एवं पंच छन्नूलाल कंवर कल्याण कंवर ,केवल कंवर ,नंद कुमार बघेल, भीमेश्वरी कंवर ,सोनिया सोनवानी ,चुन्नी गिलहरे,पुंनी कंवर, चंद्राकला गिलहरे, रेवती कंवर है। ।सरपंच सुरज भारतीय ने कहा कि पंचायत की प्राथमिकता गांव में साफ-सफाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और गली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना होगा। उन्होंने सभी पंचों के साथ मिलकर पारदर्शिता और ईमानदारी से विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया।

पंचों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिया। समारोह में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। वहीं 8 को उपसरपंच नवनिर्वाचित छन्नु कंवर बनाये गये, जिससे उत्साह लोगों का दुगुना हो गया।

### मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना होगा: सूरज



### ये रहे उपस्थित

बधाई देने वाले का नाम ग्राम पंचायत पतोरा के सचिव भैय्या राम साहू, प्रेमलाल गिलहरे, रतन रतन गिलहरे, नरोत्तम दीवान ,वीरेंद्र कुमार दीवान, चंद्रहास साहू, चंद्र प्रकाश साहू, त्रिभुवन कुमार ,कोमल राम साहू ,दयाराम दीवान,सिंदुरसाय बघेल,गौर सिंह दीवान, विष्णु दीवान कुमार दीवान , सोहन दीवान, कल्याण कंवर ,केवल कंवर,नंदकुमार बघेल ,प्रेमलाल गिलहरी, रतन गिलहरी ,चंद्रहास साहू ,चंद्र प्रकाश साहू ,कोमल राम साहू ,वीरेंद्र कुमार ,नरोत्तम कंवर, डोमेन सोनवानी ग्रामवासियों ग्राम पंचायत पतोरा उपस्थित थे।

# ग्रामवासियों की मंशानुरूप काम करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेंदर में नवनिर्वाचित सरपंच गामणी राकेश घृतलहरे ने 3 मार्च को अपने 15 पंच वार्ड नं .1 मेहतरीन साहू, वार्ड नं. 2 तुलसी राम वर्मा, वार्ड नं. 3 अश्विनी साहू,वार्ड नं. 4सुखचंद घृतलहरे ,वार्ड नं. 5 चितेश्वरी नगारची,वार्ड नं 6 कृपा राम ध्रव,वार्ड नं. 7 रेखा साहू,वार्ड नं. 8 कमल ध्रव ,वार्ड नं. 9 खिलेश्वर,वार्ड नं. 10 थनेश कुमार सेन,वार्ड नं. 11 राखी मतावले,वार्ड नं.12 गोमती ध्रुव,वार्ड ,वार्ड नं. 13 गंगा बाई साहू,वार्ड नं.14 थनेश्वरी साहू,वार्ड नं. 15 हूमेश्वरी साहू के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली। सरपंच सेंदर गामणी राकेश ने इस अवसर पर उन्होंने गांव के विकास और सेंदर परसठ्ठी गांव के सभी बड़े छोटे की सलाह मशविरा से ग्राम को चलाना मेरी अपनी पहली प्राथमिकता बताया और सभी रुके हुए विकास कार्यों एंव ग्रामवासियों की मंशानुरूप को पूरा करने का संकल्प लिया। सरपंच ने आगे कहा हमारी पहली प्राथमिकता में गांव का समग्र विकास भी शामिल हैं । हमर गांव एक आदर्श ग्राम पंचायत बन सके।शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद भाजपा नेता रामाधार साहू ने नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को बधाई देते हुए कहा ग्राम पंचायत सेंदर के विकास के लिए हम सब सभी मिलकर काम करेंगे। सरपंच ग्रामणी राकेश उपसरपंच तुलसी वर्मा के नेतृत्व में गांव नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित उपसरपंच तुलसी वर्मा अपने विचार साझा करते हुए कहा ग्राम पंचायत सेंदर के विकास के लिए नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों की टीम को मेरी शुभकामनाएं।रामाधार साहू, तुलास वर्मा, भुनेश्वर देशलहरे, तुला राम ,राकेश ,योगेश देवांगन ,जनक साहू ,उमेश नेताम, तेजराम साहू ,सियाराम यादव ,कमल साहू ने बधाई देते कहा मुझे विश्वास है कि सरपंच के नेतृत्व में गांव का प्रगति करेगा।

### उपसरपंच बनीं तुलसी वर्मा, कहा सब मिलकर विकास करेगें







### जपं अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने की सीएम से भेंट

**राजिम।** विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम-फिंगेश्वर के महिला जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने सीएम विष्णुदेव साय से आशीर्वाद लेने विधानसभा परिसर में पहुंचे। सीएम का बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव भी साथ थे।

# भारत ने विश्व को दिया वसुधैव कुटुम्बकं का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं ने की भागीदारी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दीदी प्रज्ञा भारती थीं। वहीं, अंजू गबेल, सुमिरन मां, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, प्राचार्य फाखरा खानम दानी मौजूद थीं। पूजा बहन ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर साध्वी प्रज्ञा भारती ने कहा कि भारत आर्यों, महापुरुषों व श्रेष्ठाचारियों का देश रहा है। भारत ने ही विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम का नारा दिया, ऐसा श्रेष्ठ विचार व श्रेष्ठ लोगों से ही श्रेष्ठ समाज की स्थापना होती है, जिसकी ध्वजावाहिनी-महिला शक्ति ही है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा, जिसका श्रेय मां को जाता है। क्योंकि महत्ता मां के कोख से जन्म लेती है। प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने कहा कि जीवन में आत्मसंयम आवश्यक है, जिसके लिए आध्यात्म को महत्व दें। बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर मातृत्व की सम्पूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। गोष्ठी में अंजू गबेल व सुमिरन माई ने भी विचार रखे।

### मातृशक्तियां समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही : ओमकुमारी



नवापारा नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनके सशक्तिकरण के लिए काम करना और उनकी आवाज को मजबूत बनाना है। उन्होंने सभी महिलाओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें आगे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने कहा कि परमात्मा महावाक्य है कि - भारत का उत्थान भारत के माताओं के उत्थान से ही होगा। जब तक आपके भीतर आध्यात्मिक ऊर्जा उत्पन्न नही होगी तब तक स्वयं का उत्थान संभव नहीं है। उसके लिए अपने मन का तार एक परम पिता परमात्मा ईश्वर से जोड़ना होगा। आत्मा सच्ची मन से परमात्मा शिव को याद करेंगी तब परमात्मा शक्तियों को अनुभूति से हमारी आंतरिक ऊर्जा जागृत होगी। यही आध्यात्मिक क्रांति से जीवन में सुख व शांति आएगी। संचालन ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन ने किया।




